रजिस्ट्री सं. डी एल--33001/99

REGISTERED NO. DL—33001/99

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY GOVT. OF INDIA

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 7] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी, 13 1999 (माघ 24, 1920)
No. 7] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 13, 1999 (MAGHA 24, 1920)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर

(भारतीय स्टेट बैंक का सहयोगी)

तिरुवनन्तपुरम, दिनांक 30 जनवरी 1999

सूचना

भारत के राजपत्र दिनांकित 23 नवम्बर, 1998 में, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1959 की धारा 25(1)(घ) के अनुसरण में बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में दो अंशधारकों को निर्वाजित करने के उद्देश्यार्थ स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर के शेयरधारियों की सामान्य बैठक टेगोर सेन्टनरी हाल, वषुतक्काड, तिरुवनन्तपुरम-695014 में शनिवार 30 जनवरी, 1999 पूर्वाह्न 11 बजे बुलाने के सम्बन्ध में प्रकाशित सूचना तथा भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) साधारण विनियम, 1959 के विनियम 33 के अनुसरण में वैध नामिनियों के नाम घोषित करती हुई सूचना दिनांकित 14 जनवरी, 1999 के सन्दर्भ में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि 30-01-1999 को आयोजित शेयरधारियों की सामान्य बैठक में निम्नलिखित को निदेशक के रूप में चुनाये गये हैं :—

01. श्री पी० ओ० यतीन्द्र मोहन,
टी सी 7/1521-4,
कडक्चल रोड,
तिरुमला पी० ओ०,
तिरुवनन्तपुरम—695005।

02. श्री के० पी० तोमस,
कलपुरकल,
एरीकाडु,
पुतुपल्ली पी० ओ०,
कोट्टयम—686011।

वेपा कामेशम,
प्रबन्ध निदेशक

दी इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इण्डिया

नई दिल्ली–110002, दिनांक 25 जनवरी 1999

सं० 13 सी० ए० परीक्षा/एम/99.—चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगूलेशन, 1988 के रेगूलेशन 22 के अनुसार दि कौंसिल आफ दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउनटेन्ट्स आफ इण्डिया को अधिसूचना जारी करने में प्रसन्नता है कि फाउन्डेशन, इन्टरमीडियेट और फाइनल की परीक्षायें निम्नलिखित तिथियों तथा केन्द्रों पर होंगी, बशर्ते कि प्रत्येक केन्द्र में परीक्षा के लिये पर्याप्त संख्या में परीक्षार्थी निवेदन करते हैं।

फाउन्डेशन परीक्षा : पाठ्यक्रम— चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगूलेशन, 1988 के शेड्यूल "बी" के अनुच्छेद "1 ए" के अनुसार 7, 8, 10 और 11 मई, 1999।

इन्टरमीडियेट परीक्षा : पाठ्यक्रम—चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस रेगूलेशन, 1988 के शेड्यूल "बी" के अनुच्छेद "2 ए" के अनुसार।

ग्रुप I 3, 4 और 5 मई, 1999

ग्रुप II 6, 7 और 8 मई, 1999

फाइनल परीक्षा : पाठ्यक्रम—चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगूलेशन 1988 के शेड्यूल "बी" के अनुच्छेद "3 ए" के अनुसार।

ग्रुप I 3, 4, 5 और 6 मई, 1999

ग्रुप II 7, 8, 10 और 11 मई, 1999

परीक्षा केन्द्र :

(I) भारत में परीक्षा केन्द्र

1. आगरा
2. अहमदाबाद
3. अजमेर
4. इलाहाबाद
5. एलेप्पी
6. अम्बाला
7. अमृतसर
8. आसनसोल
9. औरंगाबाद
10. बंगलौर
11. बड़ौदा
12. बेलगांव
13. भोपाल
14. भुवनेश्वर
15. कलकत्ता
16. कालीकट
17. चण्डीगढ़
18. चेन्नई
19. कोयम्बटूर
20. कटक
21. देहरादून
22. दिल्ली/नई दिल्ली
23. इरनाकुलम
24. फरीदाबाद
25. गुवाहाटी
26. गाजियाबाद
27. गोवा
28. ग्वालियर
29. हिसार
30. हैदराबाद
31. इन्दौर
32. जबलपुर
33. जयपुर
34. जम्मू
35. जमशेदपुर
36. जोधपुर
37. कानपुर
38. कोटा
39. कोट्टायम
40. लखनऊ
41. लुधियाना
42. मदुरई
43. मंगलौर
44. मेरठ
45. मुम्बई
46. मैसूर
47. नागपुर
48. नासिक
49. पटना
50. पूना
51. रायपुर
52. राजकोट
53. रांची
54. रोहतक
55. सेलम
56. शिमला
57. सिलिगुड़ी
58. शोलापुर
59. सूरत
60. तिरुचिरापल्ली
61. त्रिचूर
62. त्रिवेन्द्रम
63. उदयपुर
64. वाराणसी
65. विजयवाड़ा
66. विशाखापटनम
67. यमुनानगर

II. विदेशों में परीक्षा केन्द्र

1. दुबई*
2. काठमांडू/नेपाल

*केवल इन्टरमीडियेट और फाइनल की परीक्षायें दुबई केन्द्र पर होंगी।

परीक्षा शुल्क की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट द्वारा इंस्टीट्यूट के सचिव के पक्ष में होनी चाहिये और उसकी अदायगी नई दिल्ली पर हो।

परिषद् अपने विशेषाधिकार के अन्तर्गत किसी भी परीक्षा केन्द्र को बिना कोई कारण दिये रद्द कर सकती है।

उक्त परीक्षाओं के लिये आवेदन निर्धारित आवेदन-पत्रों पर ही किया जाना चाहिये, जो कि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इण्डिया के अतिरिक्त सचिव (परीक्षा) के इन्द्रप्रस्थ मार्ग, नई दिल्ली स्थित कार्यालय से 20 रुपये प्रति आवेदन-पत्र भुगतान करने पर मिल सकता है। उपर्युक्त प्रमाण-पत्रों और शुल्क के साथ डिमांड ड्राफ्ट लगाकर आवेदन-पत्र भुगतान इस प्रकार भेजा जाना चाहिये कि वह अतिरिक्त सचिव (परीक्षा) के कार्यालय में 26-2-1999 तक पहुंच जाये। आवेदन-पत्र अतिरिक्त सचिव (परीक्षा) के दिल्ली कार्यालय में 26-2-1999 के बाद 5-3-99 तक 50/- रुपये विलम्ब शुल्क के साथ भी स्वीकार किये जायेंगे। 5-3-99 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन-पत्र इंस्टीट्यूट के कार्यालय, नई दिल्ली में स्वयं भी आकर दिया जा सकता है, या रीजनल काउंसिलों के मुम्बई, चेन्नई, कलकत्ता, कानपुर तथा ब्रांच अहमदाबाद, बंगलौर, हैदराबाद, पूना और जयपुर के कार्यालयों में 26-2-99 तक जमा कराया जा सकता है। इन नगरों में रहने वाले परीक्षार्थियों को इस सुविधा का फायदा उठाने की सलाह दी जाती है।

विभिन्न परीक्षाओं के लिये देय शुल्क इस प्रकार है :—

फाउन्डेशन परीक्षा शुल्क	रुपये 375/-
इन्टरमीडिएट परीक्षा	
दोनों ग्रुपों के लिये	रुपये 525/-
केवल एक ग्रुप के लिये	रुपये 300/-
यूनिट एक*	रुपये 300/-
यूनिट दो*	रुपये 300/-
यूनिट तीन*	रुपये 225/-
यूनिट चार*	रुपये 300/-

*इकाई यूनिट शब्दावली का आशय पेपर्स के उस समूह से है जिसे उन अभ्यर्थियों को, जो चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स इन्टरमीडिएट नियमावली की अनुसूची "बी" के अनुच्छेद "2ए" में निर्दिष्ट पाठ्यक्रम के अन्तर्गत परीक्षा आरम्भ होने से पूर्व दोनों ग्रुपों को पास नहीं कर सके हैं और एक ही ग्रुप में उत्तीर्ण हुए हैं, परीक्षा में बैठना है, और पास करना है।

फाइनल परीक्षा	
दोनों ग्रुपों के लिये	रुपये 600/-
केवल एक ग्रुप के लिये	रुपये 350/-
**इकाई यूनिट-2 पेपर तक	रुपये 275/-
**इकाई यूनिट -2 पेपर से अधिक तथा 4 पेपरों तक सीमित	रुपये 350/-
**इकाई यूनिट-5 पेपर व उससे अधिक	रुपये 600/-

**यूनिट शब्दावली का आशय पेपरों के उस समूह से है जिसे उन अभ्यर्थियों को जो चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगूलेशन 1964 के अन्तर्गत शेड्यूल "बी" और (बी० बी०) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत नवम्बर 1986 से पूर्व एक या एक से अधिक ग्रुप पास कर चुके हैं लेकिन सभी ग्रुप पास नहीं किये हैं को अब चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगूलेशन, 1988 के शेडयूल "बी" के अनुच्छेद "3ए" में शेष अनुरूप पेपरों में एक साथ बैठना है और पास करना है।

दुबई केन्द्र से बैठने वाले इन्टरमीडिएट और फाइनल के परीक्षार्थियों को क्रमशः अमेरिकन $60 और अमेरिकन $80 या इसके सममूल्य की भारतीय मुद्रा का शुल्क अदा करना पड़ेगा चाहे वे एक पेपर या एक ग्रुप या एक इकाई (यूनिट) या दो ग्रुपों में बैठ रहे हों।

काठमांडू केन्द्र से बैठने वाले फाउन्डेशन, इण्टरमीडिएट और फाइनल के परीक्षार्थियों को रुपये 750/- या उससे सममूल्य की विदेशी मुद्रा का शुल्क अदा करना पड़ेगा चाहे वे एक पेपर, एक ग्रुप, एक यूनिट या दो ग्रुपों में बैठ रहे हों।

हिन्दी में उत्तर लिखने की एच्छिकता

फाउन्डेशन, इन्टरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के उम्मीदवारों को उत्तर हिन्दी माध्यम से भी देने की सुविधा दी जाती है। विस्तृत जानकारी आवेदन-पत्र के साथ संलग्न सूचना-पत्र में उपलब्ध है।

जगदम्बा प्रसाद,
अतिरिक्त सचिव (परीक्षा)

अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिये निर्धारित मानक और मानदण्ड

शिक्षा कार्यक्रम में स्नातकोत्तर उपाधि (एम० एड)

आमने-सामने का माध्यम

परिशिष्ट-I

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्
सी-2/10, सफदरजंग डवैलपमेंट एरिया
श्री अरविन्दो मार्ग, नई दिल्ली-110016

नई दिल्ली, दिनांक 29 दिसम्बर, 1998

सं० एफ० 28-2/98-99 एन० सी० टी० ई०.—धारा 32 की उपधारा 2 के खण्ड (च) तथा (ज) के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, जिन्हें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1993 (1993 की संख्या 73) की धारा 14 एवं 15 के साथ पढ़ा जाये, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाये गये हैं, यथा :

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—

इन विनियमों का नाम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् [आमने-सामने की शिक्षा प्रणाली के माध्यम से शिक्षा में

स्नातकोत्तर (एम० एड०) तथा दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि (एम. एड० डिग्री) की मान्यता के लिये मानक एवं शर्तें) विनियम, 1996 है ।

2. किस पर लागू रहेंगे

ये विनियम पैरा 1 में उल्लिखित कोई भी पाठ्यक्रम चलाने वाले विश्वविद्यालयों, मुक्त/खुले विश्वविद्यालयों, उनके संघटकों सहित संस्थानों और उन अन्य सभी निकायों/संस्थाओं पर, उनके नाम तथा कार्यशैली जो भी हो, लागू रहेंगे ।

3. परिभाषा

संदर्भ के अनुसार जब तक कोई अन्यथा अर्थ न हो इन विनियमों में

(1) "अधिनियम" का अर्थ है राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1993 (1993 की संख्या 73) ।

(2) "अध्यापक शिक्षा में नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण" का अर्थ है अध्यापक शिक्षा के लिये कोई ऐसा पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण, मान्यता प्रदान करने के समय संस्थान द्वारा जिसकी व्यवस्था नहीं थी किन्तु मान्यताप्राप्त संस्थान द्वारा जिनके लिये व्यवस्था करने का प्रस्ताव है ।

(3) "क्षेत्रीय समिति" का अर्थ है धारा 20 के अंतर्गत स्थापित समिति ।

(4) अन्य सभी शब्दों का वही अर्थ होगा जो अधिनियम की धारा 2 में निहित है ।

4. मान्यता के लिये आवेदन-पत्र

(क) प्रत्येक संस्थान को, जिसने शिक्षा में स्नातकोत्तर (एम० एड०) कार्यक्रम के अंतर्गत पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण की व्यवस्था की है जिसका यह व्यवस्था करने का विचार है, उक्त अधिनियम के अधीन मान्यता के लिये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा समय-समय पर निर्धारित मूल्य का भुगतान कर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की क्षेत्रीय समिति से प्राप्त फार्म में अपना आवेदन-पत्र देना होगा ।

(ख) आवेदन-पत्र उस क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा सम्बन्धित संस्थान जिसके भू-भागीय अधिकार-क्षेत्र में स्थित है ।

5. नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने की अनुमति के लिए आवेदन-पत्र

(क) यदि कहीं कोई मान्यताप्राप्त संस्थान शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि (एम० एड०) के लिये कोई नया पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण प्रारम्भ करना चाहता है तो उसे राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा समय-समय पर निर्धारित मूल्य का भुगतान कर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की क्षेत्रीय समिति से प्राप्त फार्म में अपना नया आवेदन-पत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा ।

(ख) यदि कहीं कोई मान्यताप्राप्त संस्थान ऐसे पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण के लिये, उसमें प्रवेश के लिये स्वीकृत संख्या से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश देना चाहता है तो उस मान्यताप्राप्त संस्थान को अपना आवेदन-पत्र राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा ।

(ग) आवेदन-पत्र उस क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा जिसके भू-भागीय अधिकार-क्षेत्र में वह संस्थान स्थित है ।

6. आवेदन-पत्र भेजने की विधि

(क) मान्यता के लिये आवेदन-पत्र राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा ।

(ख) मान्यताप्राप्त संस्थान द्वारा अध्यापक शिक्षा में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के अंतर्गत नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या प्रवेश के लिये विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिये अनुमति प्राप्त करने का आवेदन-पत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा ।

(ग) संस्थान की मान्यता के लिये आवेदन-पत्र तीन प्रतियों में भेजना होगा ।

(घ) उस संस्थान की मान्यता के लिये जिसमें अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण की व्यवस्था 17 अगस्त, 1995 के ठीक पहले उपलब्ध थी, आवेदन-पत्र सीधे सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजा जायेगा ।

(ङ) ऐसे प्रत्येक संस्थान को जो अध्यापक शिक्षा में पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करना चाहता है किन्तु जो 17 अगस्त, 1995 के ठीक पहले कार्यरत नहीं था, मान्यता के लिये अपना आवेदन-पत्र सम्बन्धित राज्य सरकार या संघ शासित क्षेत्र के प्रशासन से प्राप्त "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" के साथ भेजना होगा, जिसमें वह संस्थान स्थित है ।

(च) मान्यताप्राप्त संस्थानों को उपर्युक्त विनियम 5 के उप-विनियम (ख) के अंतर्गत विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने की अनुमति के लिये अपना आवेदन-पत्र उस सरकार या संघ शासित क्षेत्र से प्राप्त "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" के साथ भेजना होगा, जिसमें वे संस्थान स्थित है ।

7. शुल्क

मान्यताप्राप्त संस्थानों द्वारा संस्थान की मान्यता अथवा नया पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण प्रारम्भ करने अथवा प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की स्वीकृत संख्या में वृद्धि की अनुमति के लिये भेजे जाने वाले आवेदन-पत्र के साथ परिषद् द्वारा समय-समय पर उस आवेदन-पत्र के लिये निर्दिष्ट शुल्क भेजना होगा और यह शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के रूप में भेजना होगा, जिसे "क्षेत्रीय समिति, अध्यापक शिक्षा

परिषद्" के पक्ष में सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति के स्थान पर अदायगी के लिये बनवाया जायेगा ।

8. आवेदनपत्र भेजने की समय सीमा

(क) प्रत्येक संस्थान को, जो अध्यापक शिक्षा के लिये पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण की व्यवस्था करना चाहता है, अपना आवेदन-पत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा जो वहां आगामी शिक्षा-सत्र के प्रारम्भ होने की निर्धारित तारीख से कम से कम चार महीने पहले पहुंच जाना चाहिए ।

(ख) मान्यताप्राप्त संस्थानों द्वारा अध्यापक शिक्षा के लिये नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने की अनुमति प्राप्त करने का आवेदन-पत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजा जाना चाहिए जो उनके यहां आगामी शिक्षा-सत्र प्रारम्भ होने की निर्धारित तारीख से कम से कम चार माह पहले पहुंच जाना चाहिए ।

9. मान्यता की शर्तें

(क) मान्यता के लिये प्राप्त आवेदन-पत्र में दिये गये तथ्यों की जांच-परख एवं सत्यापन के आधार पर, और अथवा जहां भी आवश्यक समझा जाये संस्थान का निरीक्षण करके अथवा जिस रूप में भी वह उचित समझे, क्षेत्रीय समिति को स्वयं को इस बात की संतुष्टि करनी होगी कि संस्थान के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन, स्थान, पुस्तकालय, योग्यताप्राप्त कर्मचारी वर्ग, प्रयोगशाला तथा ऐसे अन्य सभी प्रबन्ध हैं जो शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम के अंतर्गत पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण के लिये जिसे वह चला रहा है या जिसे वह प्रारम्भ करना चाहता है, संस्थान के उचित रूप से कार्य करते रहने के लिये आवश्यक है ।

(ख) क्षेत्रीय समिति को यह सुनिश्चित करना होगा कि मान्यताप्राप्त करने के लिये आवेदन करने वाले प्रत्येक संस्थान द्वारा परिशिष्ट (I) तथा (II) में निहित मानकों और मानदण्डों की पूर्ति की गई है ।

10. नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए मान्यताप्राप्त संस्थानों को अनुमति प्रदान करने की शर्तें :

(क) शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम के अन्तर्गत नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए मान्यताप्राप्त संस्थान के आवेदन-पत्र में दिये गये तथ्यों की जांच-परख और सत्यापन के आधार पर और/अथवा जहां भी आवश्यक समझा जाए, मान्यताप्राप्त संस्थान का निरीक्षण करने अथवा जिस रूप में भी वह उचित समझे, क्षेत्रीय समिति को स्वयं को इस बात के लिए संतुष्ट करना होगा कि संस्थान के पास पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण को चलाने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन, स्थान, पुस्तकालय योग्यताप्राप्त कर्मचारी वर्ग, प्रयोगशाला तथा अन्य सभी प्रबन्ध मौजूद हैं ।

(ख) क्षेत्रीय समिति को यह सुनिश्चित करना होगा कि नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि की अनुमति के लिए आवेदन करने वाले प्रत्येक मान्यताप्राप्त संस्थान द्वारा परिशिष्ट (I) तथा (II) में दिये गये मानक और मानदंडों को पूरा कर लिया गया है ।

सुरेन्द्र सिंह
सदस्य-सचिव

शिक्षा कार्यक्रम में स्नातकोतर उपाधि (एम० एड०)

25 विद्यार्थियों तक वाली इकाई के लिए मानक और मानदंड

1. प्रस्तावना

शिक्षा कार्यक्रस में स्नातकोत्तर उपाधि (एम० एड०) शिक्षा-विज्ञान में स्नातकोत्तर स्तर पर व्यावसायिक दृष्टि से अध्ययन करने एवं विभिन्न सहवर्ती विषयों में सक्षम बनाने का कार्यक्रम है । कार्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के सम्बन्ध में अपने ज्ञान और उसकी समझ का विस्तार करने, साथ ही उसमें गहनता हासिल करने, अध्यापक शिक्षा सहित चुने हुए विशेष क्षेत्रों में विशेष ज्ञान प्राप्त करने, साथ ही तत्सम्बन्धी शोध के क्षेत्र में प्रवीणता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करना है और यह इस बात पर निर्भर करता है कि कार्यक्रम की वास्तविक रूप-रेखा क्या है और उसके घोषित लक्ष्य क्या हैं ।

इस समय एम० एड० पाठ्यक्रम की शिक्षा विभिन्न माध्यमों मे दी जा रही है : पूर्णकालिक, एक वर्ष का नियमित कार्यक्रम, दो वर्ष की अवधि का दूरस्थ शिक्षा/पत्राचार कार्यक्रम आदि । कुछ संस्थान स्नातकोत्तर विभाग अथवा शिक्षा महाविद्यालय एम० एड० तथा/अथवा एम० ए० (शिक्षा) जैसे अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम० फिल०, पी० एच० डी०) चलाते हैं जबकि कुछ अन्य केवल बी० एड० कार्यक्रम भी चलाते हैं । यहां निर्धारित मानक और मानदंड विशेष रूप से एक वर्ष की अवधि के नियमित एम० एड० पाठ्यक्रम से सम्बन्धित हैं और दोनों ही प्रकार की स्थितियों पर लागू होते हैं । दूसरी स्थिति में जहां तक संसाधनों का प्रश्न है, संसाधनों का उपयोग कार्यक्रमों द्वारा स्वयं मिलकर कर लिया जाता है । अतः यह आवश्यक है कि बी० एड० और एम० एड० इन दोनों के लिए जो भी मानक निर्धारित हैं उनकी पूर्ति अलग-अलग होनी चाहिए, विशेष रूप से कुछ आधारभूत अपेक्षाओं की जैसे कि प्रधान/प्राचार्य को छोड़कर जो कि एक ही व्यक्ति

होगा—अध्यापकों व कक्षाओं के लिए कमरों की संख्या से सम्बन्धित आवश्यकताओं की पूर्ति अवश्य ही होनी चाहिए। हाल, संगोष्ठी कक्ष (सेमिनार कक्षा), प्रयोगशालाओं, विश्राम या बैठक कक्षों, प्रसाधनों, छात्रावास आदि जैसी सुविधाओं की व्यवस्था मिलकर की जा सकती है (यदि संस्थान किसी विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय का ही एक भाग है तो बी० एड० साथ ही अन्य पाठ्यक्रमों के साथ मिलकर की जा सकती है)।

एम० एड० पाठ्यक्रम में शिक्षा विषय में विशेष पाठ्यक्रम तथा तत्सम्बन्धी व्यावहारिक क्षेत्र स्तर पर होने वाले कार्य सहित सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम सम्मिलित रहेंगे। इनके अतिरिक्त शोध प्रबन्ध के रूप में प्रस्तुत शोधकार्य इस कार्यक्रम का अनिवार्य अभिन्न अंग होगा।

इन मानकों और मानदंडों के आधार पर संस्थानों को मान्यता प्रदान की जाएगी और ये पाठ्यक्रमों को चलाने की अनुमति देने तथा ये उनमें प्रवेश के लिए निर्धारित संख्या से अधिक विद्यार्थियों के लिये अतिरिक्त स्थानों की व्यवस्था के लिए अनुमति देने के लिए लागू रहेंगे। मानकों का उल्लेख दो शीर्षों यथा अनिवार्य तथा अपेक्षित के अन्तर्गत किया गया है। अनिवार्य का सम्बन्ध उन न्यूनतम अपेक्षाओं से है, मान्यता/अनुमति प्राप्त करने के लिए जिनकी पूर्ति होना अनिवार्य है जबकि अपेक्षित का अर्थ उन निर्देशों से है, उचित अवधि में जिनका लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में संस्थानों को सतत प्रयत्न करते रहना आवश्यक है। मानकों के अन्तर्गत जो अपेक्षाएं सम्मिलित हैं वे इस प्रकार हैं :— मानव संसाधन, ढांचागत आधारभूत साज सामान, शैक्षिक अवदान तथा वित्तीय प्रावधान।

इस दस्तावेज में ढांचागत आधारभूत साज सामान शीर्षक के अन्तर्गत भूखंड, भवन, स्थान, कक्षा के कमरे, पुस्तकालय आदि के लिए जिन अनिवार्य अथवा अपेक्षित मापों का उल्लेख है, आशय यही है कि वे लगभग उतनी ही होनी चाहिए और उनका उल्लेख मात्र मार्गदर्शन की दृष्टि से ही किया गया है। इसका मुख्य प्रयोजन यह सुनिश्चित करना है कि कमरे आदि उतने आकार के अवश्य हों जिनमें अपेक्षित संख्या में विद्यार्थियों के पठन-पाठन का कार्य किसी कठिनाई के सुविधाजनक रूप में सुविधाजनक सम्पन्न हो सके।

2 मानव संसाधन

2.1 अध्यापक वर्ग

जिनमें प्रवेश के लिए 25 विद्यार्थियों तक की व्यवस्था हो

संकाय	आवश्यकता		योग्यताएं
	अनिवार्य	अपेक्षित	
1. प्रधान प्राचार्य	1 प्रोफेसर के पद का	1	वि० वि० अ० आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार जिसके पास शिक्षा के विषय में पी० एच० डी० की योग्यता हो।
2. रीडर	2	2	वि०वि०अ० आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार साथ ही जिनके पास शिक्षा विषय में स्नातकोत्तर की योग्यता हो तथा जिनके पास शिक्षा/किसी सम्बन्धित विषय में पी० एच० डी० की योग्यता हो।
3. लेक्चरर	2	3	वि० वि० अ० आयोग के मानकों के अनुसार
कुल	5	6	

टिप्पणी : निर्धारित संख्या से अतिरिक्त 10 या उससे कम विद्यार्थियों के होने पर एक अतिरिक्त। प्रवेश लिये अधिकतम स्वीकृत संख्या 50।

22. सहायक तकनीकी कर्मचारी

पदनाम	कर्मचारियों की संख्या		क्षेत्र	योग्यताएं
	अनिवार्य	अपेक्षित		
1. पुस्तकालयाध्यक्ष	1	—	पुस्तकालय विज्ञान	वि2 वि० अ० आयोग द्वारा निर्धारित मानकों तथा योग्यताओं के अनुसार
2. तकनीकी सहायक	1	2	मनोविज्ञान प्रयोगशाला तथा संचार माध्यम	विश्वविद्यालय/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित योग्यताओं के अनुसार

2.3 प्रशासकीय कर्मचारी

पदनाम	संख्या	योग्यताएं
1. लिपिक, टाइपिस्ट	1+1	विश्वविद्यालय/राज्य सरकार के मानकों के अनुसार
2. सहायक कर्मी (हेल्पर)	2	विश्वविद्यालय/राज्य सरकार के मानकों के अनुसार

3. ढांचागत आधारभूत साजसामान

संस्थान ऐसे वातावरण में स्थित हो जो शोरगुल और प्रदूषण से मुक्त हो। वहां परिवहन और संचार साधनों की अच्छी सुविधाएं होनी चाहिएं और उसमें पानी व बिजली उपलब्ध रहे। जिस भूखंड का चयन किया जाए वह इतना अवश्य रहे कि उसमें संस्थान के भवन, भविष्य में उसके विस्तार के लिए पर्याप्त स्थान हो और वहां खेल कूद आयोजित करने के लिए काफी खुली जगह उपलब्ध रहनी चाहिए।

3.1 निर्मित स्थान

25 विद्यार्थी वाली इकाई के लिए कम से कम निम्नलिखित निर्मित स्थान निर्धारित है :—

	अनिवार्य	अपेक्षित	क्षेत्रफल
1 2	3	4	5
1. कक्षाओं के कमरे	2 (यह कुल समूहों/विशेषताओं की संख्या पर निर्भर करेगी)	4	60 वर्ग मीटर
2. हाल	1	—	125 वर्ग मीटर
3. संगोष्ठी कक्ष (सेमिनार)	1	—	100 वर्ग मीटर
4. विशेष कक्ष			
(क) पुस्तकालय एवं वाचनालय	1	—	100 वर्ग मीटर
(ख) प्रयोगशालाएं			
(1) मनोविज्ञान प्रयोगशाला	1	—	50 वर्ग मीटर
(2) शिक्षा प्रौद्योगिकी संचार साधन प्रयोगशाला	1	—	50 वर्ग मीटर

1	2	3	4	5
5.	कक्ष			
	(क) प्रधान के लिए	1	—	25 वर्ग मीटर
	(ख) संकाय के लिए	2 (कक्ष जिनमें दो के बैठने के लिए स्थान रहे)	4 (प्रत्येक अध्यापक के लिए एक)	20 वर्ग मीटर
	(ग) कार्यालय एवं भंडार-कक्ष	1	1	40 वर्ग मीटर
	(घ) जलपान गृह (कैन्टीन)	—	1	प्रत्येक का आकार लगभग 25 वर्ग मीटर
6	लड़के, लड़कियों तथा अध्यापक/ कर्मचारी वर्ग के लिए अलग-अलग प्रसाधन-कक्ष (शौचालय)	3	5	
7.	कम से कम दो जगह पर पीने के पानी की सुविधा का प्रबन्ध हो जहां कार्यसमय के दौरान सभी समय पानी उपलब्ध रहे			

3.2 खेल का मैदान

अनिवार्य अपेक्षित : भवन के अन्दर खेले जाने वाले (इन्डोर) खेलों के लिए सुविधाएं । बाहर मैदान में खेले जाने वाले खेलों के लिए पर्याप्त तथा तरह-तरह के मैदानों की सुविधाएं ।

3.3 छात्रावास

अपेक्षा यह है कि पुरुष और महिलाओं के लिए, विशेष रूप से उस स्थिति में जब कि बाहर से आने वाले विद्यार्थियों की संख्या अधिक हो, उपयुक्त गालीन और ऐसे छात्रावास होने चाहिए जिनके रख-रखाव की सुन्दर व्यवस्था हो और जिनको कुशलतापूर्वक चलाया जाए।

3.4 फर्नीचर

	संख्या	अपेक्षित	क्षेत्रफल
(1) विद्यार्थियों की मेज-कुर्सियां	प्रत्येक के लिए एक-एक	कुछ अतिरिक्त	
(2) हाल	फर्नीचर से उचित रुप में सुसज्जित		125 वर्ग मीटर
(3) अध्यापकों के लिए मेज-कुर्सियां	आवश्यकतानुसार (प्रत्येक के लिए एक)	कुछ अतिरिक्त	
(4) प्रयोगशाला में प्रयोग कार्य के लिए मेजें	2 बड़े आकारवाली		(1.25—0.9)
(5) पुस्तकालय/पुस्तकों के लिए आलमारियां (बुक-शेल्व्स)	आवश्यकतानुसार		
(6) वाचनालय में 30 विद्यार्थियों के लिए कुर्सियों के साथ पढ़ने की मेजें	30 कुर्सियां	40	

3.5 उपस्कर (यंत्र-संयंत्र)

3.5.1 पुस्तकें एवं पत्रपत्रिकाएं

	अनिवार्य	अपेक्षित
(1) पुस्तकें, जिनमें पाठ्य पुस्तकें, संदर्भ ग्रंथ तथा शोध साहित्य सम्मिलित हैं	2000	5000
(2) पत्र-पत्रिकाएं—व्यावसायिक एवं शोध आधारित पत्र-पत्रिकाओं सहित	5	10

संख्या में प्रति वर्ष कम से कम 200 पुस्तकों की वृद्धि होती रहे। इनमें अतिरिक्त पुस्तकें तथा पाठ्य पुस्तकें, एवं संदर्भ ग्रंथ, जिनकी अनेक प्रतियां रहें, सम्मिलित हैं।

3.5.2 शिक्षा प्रौद्योगिकी संचार साधन प्रयोगशाला

अनिवार्य

ओ० एच० पी० फिल्म स्ट्रिप/स्लाइड प्रोजेक्टर, टेलीविजन तथा वी० सी० आर०, मुद्रण व्यवस्था के उपकरण व सामग्री सहित कम्प्यूटर तथा श्रव्य दृश्य कैसेटों की लाइब्रेरी एवं आडियो रिकार्डर/प्लेयर

अपेक्षित

इंटरनेट की सुविधाएं स्टिल कैमरा–1, वीडियो कैमरा–1

3.5.3

शिक्षा मनोविज्ञान से सम्बन्धित प्रयोगों के लिए उपकरण। पाठ्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार बुद्धि-परीक्षण (निष्पादन, मौखिक, अमौखिक) प्रवृत्ति-परीक्षण (एटीट्यूड टैस्ट), सृजन-शीलता परीक्षण (क्रिएटिविटी टैस्ट), व्यक्तित्व का स्वरूप, मनोवृत्ति परीक्षण (एटीट्यूड टैस्ट) तथा रुचियों-अभिरुचियों की विवरणिका।

4. शैक्षणिक अवदान

4.1 प्रवेश

4.1.1 पात्रता

वे उम्मीदवार जिन्होंने किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि/स्नातकोत्तर उपाधि में कुल मिलाकर कम से कम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों, साथ ही बी० एड० में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों।

संवैधानिक/कानूनी प्रावधानों के अनुसार सीटों में आरक्षणी की व्यवस्था रहेगी।

4.2 चयन क्रियाविधि

प्रवेश के लिए उम्मीदवारों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाएगा। योग्यता का निर्धारण राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित किसी अभिकरण द्वारा—स्वयं संस्थान विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय स्तर/राज्य स्तर पर ली गई योग्यता-निर्धारण परीक्षा और/अथवा चयन परीक्षा और/अथवा साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर किया जाएगा।

4.3 पाठ्यक्रम निष्पादन

	अनिवार्य	अपेक्षित
1. (क) प्रति वर्ष/सत्र में कार्य दिवसों की संख्या	200 दिन 1200 घंटे	210 दिन 1260 घंटे
(ख) प्रवेश	5 दिन	

प्रवेश सम्बन्धी सभी कार्य सत्र प्रारम्भ होने के पहले अवश्य शुरू हो जाना चाहिए और संस्थान के अवकाश के बाद पुनः खुलने के 5 कार्य दिवसों के भीतर पूरा हो जाना चाहिए।

(ग) क्षेत्र में कार्य सहित अध्यापन-दिवस	190 दिन
(घ) परीक्षा दिवस	5 दिन
(ङ) छः दिवसीय सप्ताह में एक कार्य दिवस का समय कम से कम छः घंटे का रहेगा। पांच-दिवस के सप्ताह में घंटों में समय अनुपात के अनुसार रहेगा	(7.2 घंटे)
2. शोध प्रबन्ध/शोध निर्देशन	प्रति अध्यापक विद्यार्थियों की संख्या पांच से अधिक नहीं रहेगी।
3. पाठ्यक्रम निष्पादन के माध्यम	भाषण (लेक्चर) परिचर्या, प्रबन्ध-लेखन, संगोष्ठियां, साहित्य-समीक्षा।
4. मूल्यांकन	निरन्तर, यथासंभव आंतरिक

5. वित्तीय प्रावधान

5.1 वृत्तिदान एवं आरक्षित निधि

एम० एड० कार्यक्रम में शिक्षा प्रदान करने वाले अध्यापक शिक्षा संस्थानों के पास आवर्ती एवं अनावर्ती खर्च की पूर्ति के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध रहनी चाहिए।

जिन संस्थानों की व्यवस्था का दायित्व सरकार/स्थानीय स्वायत्त सरकार/विश्वविद्यालय पर है, जहां तक संभव हो, उन्हें चाहिए कि वे संस्थानों के खर्च का भार वहन करने के लिए उनसे पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था करने का वायदा करा लें।

निजी प्रबन्ध के अन्तर्गत संचालित संस्थानों के पास 5 लाख रुपये की वृत्तिदान राशि या फिर विश्वविद्यालय या राज्य सरकार के मानकों के अनुसार अपेक्षित धनराशि रहनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उनके पास आरक्षित निधि में इतनी राशि अवश्य रहनी चाहिए जिससे वे अपने समस्त कर्मचारी वर्ग को तीन माह के वेतन की अदायगी कर सकें।

5.2 वित्तीय प्रबन्ध

संस्थान के वार्षिक बजट में पर्याप्त प्रावधान रहना चाहिए। संस्थान की धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/भारतीय स्टेट बैंक अथवा उसके किसी अधीनस्थ बैंक में जमा रहनी चाहिए।

5.3 वेतनमान का ढांचा

संस्थान को अपने अध्यापक वर्ग एवं अध्यापक वर्ग से इतर कर्मचारियों के लिए आवश्यकतानुसार, विश्वविद्यालय/केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमानों को अपना लेना चाहिए।

5.4 शिक्षा सामग्री का मूल्य

मनोविज्ञान तथा शिक्षा

शैक्षिक प्रौद्योगिकी संचार साधन

खेलकूद तथा खेल क्रीड़ाएं (स्पोर्ट्स)

पुस्तकें एवं पत्र-पत्रिकाएं

आकस्मिक खर्च

अनिवार्य	प्रति विद्यार्थी 1000— रुपये
अपेक्षित	प्रति विद्यार्थी 1500— रुपये
उपकरण एवं पुस्तकें	
अनिवार्य	1.00 लाख
अपेक्षित	2.00 लाख

5.5 शुल्क दर :

5.5.1 प्रवेश–परीक्षा शुल्क

यदि प्रवेश परीक्षा के लिए कोई शुल्क लिया जाता है तो वह उस परीक्षा का आयोजन करने पर होने वाले अनुमानित खर्च के अनुरूप होना चाहिए। यदि उस शुल्क से कोई राशि शेष बची रह जाये तो अनिवार्य रूप से उसका उपयोग अध्यापक शिक्षा संस्थानों में शैक्षिणिक गतिविधियों के संवर्धन तथा/ अथवा विद्यार्थियों के कल्याण कार्यों के लिए होना चाहिए ।

5.5.2 ट्यूशन तथा अन्य शुल्क ।

संस्थान द्वारा अपनाई जाने वाली शुल्क की दरों का ढांचा समय-समय पर विश्वविद्यालय/केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए। तथापि किसी भी स्थिति में विद्यार्थियों से प्राप्त शुल्क की राशि पाठ्यक्रम पर संस्थान द्वारा किये गये कुल आवर्ती खर्च से अधिक नहीं होनी चाहिए। वांछनीय तो यह होगा की गरीब वर्ग के कुछ योग्य विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था रहे ।

6. एक ही संस्थान में एक से अधिक पाठ्यक्रम :

यदि एक ही संस्थान द्वारा उसी भवन / परिसर में एक से अधिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम चलाने की व्यवस्था है तो उस स्थिति म भवन, हाल, पुस्तकालय, छात्रावास, उपकरण, खेल के मैदान आदि के रूप में उपलब्ध सुविधाओं का सभी मिलकर यथावश्यक उचित लाभ उठा सकते हैं ।

परिशिष्ट—II

अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए निर्धारित मानक और मानदण्ड

(पत्राचार माध्यम सहित एम०एड० दूरस्थ शिक्षा माध्यम)

1. प्रस्तावना :

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने माना है कि दूरस्थ शिक्षा प्रणाली इस समय देश में शिक्षा के क्षेत्र म कार्यरत अध्यापकों तथा अध्यापक–प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने का एक बड़ा ही उपयोगी एवं आर्थिक तथा अन्य दृष्टियों से उपयुक्त माध्यम है। इस दस्तावेज के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अध्यापकों शोधकर्त्ताओं / प्रशासकों के लिए पत्राचार माध्यम सहित दूरस्थ माध्यम से एम० एड० की उपाधि के लिए मानक और मानदण्ड प्रस्तुत किये जा रहे हैं। ये मानक उन सभी संस्थानों पर लागू होते हैं जिनमें एम० एड० कार्यक्रम में दूरस्थ माध्यम से शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था है चाहे वह एक अकेले शिक्षा कार्यक्रम के रूप में प्रदान की जाती हो या फिर अन्य दूसरे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ–साथ ही चलाये जाने वाले कार्यक्रम के रूप में की जाती हो। जहां तक अन्य कार्यक्रमों के साथ प्रशिक्षण का प्रश्न है, भवन सम्बन्धी तथा अन्य भौतिक सुविधाएं अन्य कार्यक्रमों के साथ मिलकर उपयोग में लाई जा सकती है, बशर्ते कि इससे पाठ्यक्रम की गुणवता पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ना चाहिए। इन मानकों एवं मानदण्डों में उन शर्तों का विवरण देकर स्पष्ट किया गया है एम० एड० कार्यक्रम के लिए मान्यता, अनुमति तथा निर्धारित संख्या से अधिक को प्रवेश की अनुमति प्राप्त करने के लिए जिनकी पूर्ति होना आवश्यक है ।

एम० एड० कार्यक्रम में शिक्षा विषय में विशिष्ट पाठ्यक्रमों तथा तत्सम्बन्धी व्यावहारिक / क्षेत्रीय स्तर पर होने वाले कार्य सहित सैद्धान्तिक पाठयक्रम शामिल रहेगा। इनके अतिरिक्त शोध–प्रबन्ध के रूप में प्रस्तुत शोधकार्य इस कार्यक्रम का एक अनिवार्य अंग रहेगा ।

मानकों की व्यवस्था दो वर्गों / स्तरों के अंतर्गत की गई है यथा (I) अनिवार्य मानक की न्यूनतम अपेक्षाएं हैं, मान्यता / अनुमति तथा निर्धारित संख्या से अधिक अतिरिक्त विद्यार्थियों को प्रवेश देने की अनुमति के लिए पात्र होने की दृष्टि से सभी संस्थानों द्वारा जिनकी पूर्ति होनी अनिवार्य है और (1) अपेक्षित मानकों का अर्थ उन निर्देशों से है। कम से कम उचित अवधि में जिनका लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में संस्थानों को सतत् प्रयत्न करते रहना आवश्यक है ।

इस दस्तावेज में ढांचागत आधारभूत साज–सामान शीर्षक के अंतर्गत भूखंड भवन, स्थान, कक्ष, पुस्तकालय आदि के लिए जिन अनिवार्य अथवा अपेक्षित मापों का उल्लेख है, आशय यही है कि वे लगभग उतनी ही होनी चाहिए और उनका उल्लेख मात्र मार्गदर्शन की दृष्टि से ही किया गया है। इसका मुख्य प्रयोजन से यह सुनिश्चित करना है कि कमरे, हाल आदि उतने आकार के अवश्य हों जितने अपेक्षित संख्या में विद्यार्थियों के पठन–पाठन का कार्य बिना किसी कठिनाई के सुचारू रूप से सुविधापूर्वक सम्पन्न हो सके ।

1.1 पत्राचार माध्यम सहित दूरस्थ माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि (एम० एड०) के लिये विशानिर्देश :

*पाठ्यक्रम शीर्षक :	दूरस्थ शिक्षा माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि (एम० एड०) ।
*अधिकार–क्षेत्र :	प्रत्येक विश्वविद्यालय केवल उन्हीं प्रत्याशियों को प्रवेश देगा जो इस समय उन विद्यालयों में काम कर रहे हैं जो अधिनियम अथवा राज्य /संघ सरकार द्वारा उसके लिये निर्धारित भौगोलिक अधिकार–क्षेत्र में स्थित है ।
*प्रवेश के लिए योग्यताएं	प्रवेश केवल उन्हीं प्रत्याशियों को दिया जाएगा जिन्होंने स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर पर कम से कम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों, साथ ही बी० एड० अथवा समकक्ष परीक्षा में जिनके कम से कम

50 प्रतिशत अंक रहे हों, और जिनके पास विश्वविद्यालय / संस्थान के अधिकार क्षेत्र में रहकर पूर्णकालिक नियमित अध्यापक–प्रशिक्षक /शोधकर्ता / नीति–निर्धारण अध्यापक / शिक्षा प्रशासक के पद पर कम से कम दो वर्ष तक कार्य करने का अनुभव हो। प्रवेश के लिये शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की अवधि, बी० एड० अथवा समकक्ष परीक्षा में प्राप्त योग्यता–निर्धारण अंकों तथा अध्ययन केन्द्रों पर सुगमता से पहुंचने की सुविधा पर विचार किया जायेगा। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत प्रत्याशियों को वरीयता दी जायेगी।

*सीटों की संख्या : सीटों की अधिकतम संख्या कितनी रहे, इस का निर्णय हर बार विश्वविद्यालय तथा सम्बन्धित राज्य सरकार के बीच परामर्श से किया जायेगा। निर्णय करते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान रखा जायेगा :

1. अधिकार क्षेत्र ।
2. मानव संसाधन विकास सम्बन्धी आवश्यकताएं ।
3. विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र (केन्द्रों) की क्षमता सहित आयोजन करने की क्षमता ।

*अध्ययन केन्द्र : प्रति अध्ययन केन्द्र (केन्द्रों) अधिकतम 25 विद्यार्थी। अध्ययन केन्द्र को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगा :

* अध्ययन केन्द्र में विद्यार्थीयों की अधिकतम संख्या प्रति बैच 25 से अधिक नहीं रहेगी ।
* कार्यक्रम को सम्पादित करने में सहायता देने के लिये केन्द्र के पास पारम्परिक अध्यापक शिक्षा–प्रणाली की क्षमता उपलब्ध रहनी चाहिए ।
* केवल उन्हीं अध्यापक शिक्षा संस्थानों को जो बी० एड० एम० एड कार्यक्रमों में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं और जिन्हें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त है, अध्ययन केन्द्रों का नाम / मान्यता दिया / दी जा सकेगी / सकेगा ।
* पाठ्यक्रम की अवधि : प्रवेश की औपचारिकताओं में व्यय होने वाले समय को छोड़ कर 24 माह का कार्यक्रम को पूरा करने में अधिकतम चार वर्ष से अधिक समय नहीं लगना चाहिए।
* शुल्क : विश्वविद्यालय तथा संबंधित सरकार द्वारा अधिकतम उस सीमा तक लिया जाएगा जिससे कार्यक्रम को संचालित करने का खर्च पूरा हो सके ।

कार्यक्रम संघटक –

* दूरस्थ शिक्षा फार्मेट में स्वयं पढ़कर सीखने की पर्याप्त मुद्रित पाठ्यक्रम सामग्री नमूने के बतौर सामग्री का मूल्यांकन–राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा गठित एक समिति द्वारा किया जाएगा।
* वांछनीय तो यह होगा कि टेली–कांफ्रेंसिंग जैसी पर्याप्त श्रव्य–दृश्य सामग्री आडियो–वीडियो पैकेजेज की व्यवस्था रहे ।
* नियमित एसाइनमेंट्स, जिनका निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा–पूरा मूल्यांकन आवश्यक। प्रत्येक प्रश्नपत्र /पाठ्यक्रम में निर्धारित दो एसाइनमेंट्स रहेंगे ।
* कम से कम 360 घण्टे का अनिवार्य संपर्क कार्यक्रम जिसमें 12 सप्ताह तक प्रतिदिन अधिक से अधिक 6 घंटे तक शोध–प्रबंध के लिए मार्ग–दर्शन का कार्यक्रम सम्मिलित रहेगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विभागों/शिक्षा महाविद्यालयों के योग्यता–प्राप्त अध्यापक–प्रशिक्षकों द्वारा चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान समूह कार्य व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रतिक्रियाओं अनुभवजन्य ज्ञान और छोटे–छोटे समूहों में क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप में तथा अन्य व्यक्तियों के माध्यम से प्राप्त अनुभवों पर जोर दिया जाएगा ।
* मूल्यांकन पूरी तरह व्यापक होगा और निरंतर चलेगा जिसमें कम से कम 25 प्रतिशत आंतरिक और 75 प्रतिशत बाहर के स्तर से होगा ।
* कर्मचारी वर्ग–मुख्यालय / नोडल केन्द्र पर 250 विद्यार्थियों को प्रवेश देने पर कम से कम 5 अध्यापक। प्रत्येक अध्ययन केन्द्र पर 25 विद्यार्थियों के लिए एक समन्वयक सहित 5-अतिरिक्त अध्यापक रहेंगे ।
* संपर्क कार्यक्रमों के लिए निश्चित अवधि को छोड़कर परीक्षाएं उनके लिए विनिर्दिष्ट दिनों में ही ली जाएंगी। संपर्क कार्यक्रमों में कम से कम 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी ।

2. मानव संसाधन :

2.1 कर्मचारी वर्ग :

क) मुख्यालय / नोडल केन्द्रों के लिए कर्मचारी

दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से एम एड कार्यक्रम को चलाने में अनेक प्रकार की गतिविधियां जैसे कि पाठ्यक्रम की रूप-रेखा तैयार करना, परामर्श, शोध-प्रबन्धन लेखन में मार्ग दर्शन, पाठ्यक्रम विकास, विद्यार्थियों के दत्तकार्य (एसाइनमेन्ट्स) की जांच, स्वयं पढ़कर सीखने की सामग्री, में स्वय पर निगरानी, सम्पर्क कार्यक्रमों का आयोजन, अध्ययन केन्द्रों पर कर्मचारी वर्ग में रूचि जागृत करना आदि जैसे कार्य सम्मिलित हैं। मुख्यालय / नोडल केन्द्रों पर कार्यरत संकाय–सदस्य यह सुनिश्चित करेंगे कि इन सभी क्षेत्रों में सम्बन्धित विषयों का कार्य उपयुक्त रूप में कार्यान्वित हो। निश्चय ही यह आवश्यक है कि विश्वविद्यालयों और नोडल केन्द्रों दोनों ही स्थानों पर इस कार्य के लिए आपेक्षित सुविधाएं तथा विशेषज्ञों की सुविधा उपलब्ध रहे। विश्वविद्यालय / नोडल केन्द्र मात्र एक प्रशासनिक निकाय के रूप में ही कार्य नहीं करेंगे बल्कि साथ ही उन्हें एक सक्रिय संसाधन केन्द्र के रूप में भी अपना योगदान देना होगा। अतः मुख्यालयों/नोडल केन्द्रों पर पूर्णकालिक उच्च योग्यता–प्राप्त कर्मचारियों को नियुक्त किया जाना अत्यन्त ही आवश्यक है। विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार अतिरिक्त अंशकालिक संकाय–सदस्यों की व्यवस्था भी होनी चाहिए ।

250 तक विद्यार्थियों को प्रवेश दिये जाने की स्थिति में कार्यक्रम सम्पादन, पाठ्यक्रम के रखरखाव व संशोधन कार्य के लिए मुख्यालयों/नोडल केन्द्रों पर संकाय-सदस्यों की संख्या कम से कम 5 रहेगी, जिनमें एक प्रोफेसर, दो रीडर तथा दो प्राध्यापक (लेक्चरर) होंगे। संख्या में प्रत्येक 100 अतिरिक्त विद्यार्थियों अथवा उसके किसी अंश से वृद्धि होने पर एक अतिरिक्त संकाय-सदस्य होगा।

(ख) अध्ययन केन्द्र के लिये कर्मचारी

पच्चीस विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाने की स्थिति में अध्ययन केन्द्र पर कम से कम एक अध्यापक-प्रशिक्षक रहेगा जो एक समन्वयक के रूप में कार्य करेगा, साथ ही अंशकालिक आधार पर कम से कम चार अध्यापक प्रशिक्षक भी होंगे। शोध-प्रबन्ध लेखन में मार्गदर्शन, कार्यशालाओं और सम्पर्क कार्यक्रमों के लिए, आवश्यकतानुसार, अपेक्षित संख्या में अतिरिक्त अंशकालिक संकाय-सदस्यों की सेवाएं पारिश्रमिक भुगतान के आधार पर ली जाएंगी।

2.2 अध्यापक वर्ग

पदनाम	आवश्यक संख्या		विशेषज्ञता	योग्यता और अनुभव
	अनिवार्य	अपेक्षित		
प्रधान/निदेशक (प्रोफेसर की श्रेणी में)	एक	—	शिक्षा	वि० वि० अ० आयोग/सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार : शिक्षा विषय में पी० एच० डी० के साथ प्रथम/द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री तथा शिक्षा संस्थानों/प्रबन्धन/पाठ्यचर्या विकास का अध्यापन और/या शोध या प्रशासन के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव
शिक्षा विषय में रीडर	दो	—	शिक्षा	वि० वि० अ० आयोग/सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार : शिक्षा विषय में पी० एच० डी० के साथ शिक्षा विषय में स्नातकोत्तर डिग्री तथा अध्यापन/शोध कार्य में पांच वर्ष का अनुभव तथा/या दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में अतिरिक्त योग्यता
शिक्षा विषय में प्राध्यापक (लेक्चरर)	दो	—	शिक्षा	वि० वि० अ० आयोग/सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार : शिक्षा विषय में पी० एच० डी० के साथ शिक्षा विषय में स्नातकोत्तर डिग्री

टिप्पणी : कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति करते समय यह सावधानी बरती जानी चाहिए कि यथासंभव उतने ही मूल (फाउण्डेशन) विषयों में भी नियुक्तियां हों जितनी प्रमुख (इलेक्टिव) विषयों के लिए की जाएं।

2.3 सहायक तकनीकी कर्मचारी

पदनाम	अनिवार्य	अपेक्षित	योग्यता
सहायक लायब्रेरियन	1	2	पुस्तकालय-विज्ञान में डिप्लोमा
तकनीकी सहायक	1	2	आई० टी० आई० प्रमाणपत्र/डिप्लोमा उच्च माध्यमिक परीक्षा का प्रमाण-पत्र तथा श्रव्य-दृश्य साधनों में प्रशिक्षण बी० एस० सी०
कम्प्यूटर प्रचालक	2	3	कम्प्यूटर शिक्षा विषय में डिप्लोमा

2.4 प्रशासकीय कर्मचारी तथा सहायक कर्मी (हेल्पर)

पदनाम	अनिवार्य	अपेक्षित	योग्यता
कार्यालय सहायक एवं टाइपिस्ट	1	उच्च श्रेणी क्लर्क 1	विश्वविद्यालय/केन्द्रीय/राज्य सरकार के मानकों के अनुसार
लेखा सहायक एवं क्लर्क	1	निम्नश्रेणी क्लर्क—लेखाकार—1 टाइपिस्ट—1	—वही—
सहायक कर्मी (हेल्पर)	3	5	—वही—
ए० आर०/कार्यालय अधीक्षक/अनुभाग अधिकारी	1	—	—वही—

टिप्पणी : यदि कोई दूसरा अध्यापक—शिक्षा कार्यक्रम पहले से ही चल रहा हो तो उस स्थिति में अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करके कार्य के भार के अनुपात में प्रशासकीय कर्मचारी वर्ग की सेवाओं का मिलकर लाभ उठाया जा सकता है।

2.5 कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति का स्वरूप

मुख्य श्रेणी के कर्मचारियों को पूर्णकालिक नियमित वर्ग में नियुक्त किया जायेगा। प्रारम्भ में सहायक वर्ग के शैक्षिक, प्रशासनिक तथा तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्तियाँ अस्थायी/तदर्थ/अंशकालिक आधार पर की जा सकती हैं। नियुक्तियों के लिए सभी प्रत्याशियों का चयन विश्वविद्यालय/वि० वि० अ० आयोग/सरकार के नियमों के अनुसार विधिवत गठित चयन समिति द्वारा ही किया जायेगा।

